हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 शिक्षिकाओं ने डीईओ को टीएलएम बुक भेंट की



12 प्रशासन बरसात में पिकनिक स्थलों की सुरक्षा का रखें ख्याल





Pragati College
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)
Ph. : +91-771-2255911/22, Fax : +91-771-2255933
ADMISSIONS OPEN
STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION
Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003
Computers > B.C.A., B.Sc. (C.S.), P.G.D.C.A. 9294603013
Communication > B.A.(J.M.C.), P.G.D.J. 9294603033
Education > D.El.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025
Management > B.B.A. 9294603003
info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com

## मौसम : स्थापित हो रहे दर्जनों नये संयंत्रों को कैसे मिलेगा पानी

# आषाढ़ में शिवनाथ में बह रहा तीन फीट पानी

### अंचल में कृषि, पेयजल और संयंत्र भी है इसी नदी पर आश्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

जिले की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी इस बार आषाढ़ माह में ही सुखी नजर आ रही है। ऐसे में अंचल में लाइफलाइन का काम करने वाली शिवनाथ नदी में जल का स्तर नहीं बढ़ा तो आने वाले समय में पानी का भयावह संकट निर्मित हो सकता है। विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम मोहभट्ठा, कुकरचुंदा, नेवधा, कामता, पौंसरी, केसदा सहित विभिन्न ग्रामों में बहुतायत मात्रा में स्टील एवं पावर इस्पात संयंत्रों की स्थापना होना है।

इसके लिए राज्य शासन से अनुबंध हो चुका है। साथ ही उक्त संयंत्रों का निर्माण कार्य प्रारंभ भी हो चुका है। उद्योगों की स्थापना के लिए मूल रूप से पानी की आवश्यकता होगी। संयंत्रों द्वारा पानी की मांग की जा रही है। अपने प्रोजेक्ट रिपोर्ट में शिवनाथ नदी से जल प्राप्ति की बात कहीं गई है, जिस पर शासन स्तर से उद्योगों को शिवनाथ नदी से पानी देने की तैयारी है। ऐसे में सिमगा एवं क्षेत्र के लिए जीवन दायिनी नदी पर ही संकट मंडराने लगा है।

प्रश्न यह उठता है कि उद्योगों के लिए पानी कहा से आएगा। वर्तमान में आषाढ़ माह चल रहा है और और नदी सुखी है। नदी में केवल 3 फीट पानी है। ऐसी जन चर्चा है कि शासन स्तर पर भाटापारा शाखा नहर के माध्यम से उद्योगों को पानी उपलब्ध कराया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि सिमगा के शिवनाथ नदी में पूर्व से ही बंजरंग पावर प्लांट तिल्दा को पानी दिया जा रहा है, वहीं सिमगा नगर के लिए पेयजल एवं निस्तारी जल के लिए अलग से फिल्टर प्लांट की स्थापना की गई है। शासन द्वारा उपरोक्त पावर प्लांट के कारण शिवनाथ नदी में सोमनाथ से लिमतरा तक जगह-जगह स्टाप डेम बनाए गए हैं, किंतु वर्तमान में बारिश का मौसम होने के बाद भी नदी में तीन फीट से ज्यादा का जल स्तर नहीं है। वहीं गर्मी की दिनों में लगभग प्रवाह रुक सा जाता है।

क्षेत्र के कचलोंन, तेंदूभाटा, खैरघट, चोरहानवागांव, लिमतरा, कुलीपोटा, मार्राकोना एवं अन्य नदी किनारे के गांवों में निस्तारी व पेयजल की समस्या बनी रहती है। वहीं किसान कृषि कार्य के लिए नदी पर आश्रित हैं। दूसरी ओर भारी भरकम उद्योगों में हजारों फीट की गहराई तक ट्यूबवेल की खोदाई करने के कारण ग्रामीणों के सिंचाई पंप का जल स्तर गिरने से सुखने लगे हैं।



**उद्योग विभाग से नहीं मिली है प्रोजेक्ट रिपोर्ट**

इस संदर्भ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंशुल वर्मा ने चर्चा में बताया कि यह मामला उद्योग विभाग से जुड़ा हुआ है। मेरे पास संपूर्ण जानकारी उपलब्ध नहीं है। पानी की समस्या का समाधान शासन को करना है। ऐसे संयंत्र जिनका शासन से अनुबंध हो चुका है। उनकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट हमारे कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। उद्योग विभाग से प्रोजेक्ट रिपोर्ट लेकर पूरी जानकारी दे पाऊंगा।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत कल

**बलौदाबाजार।** नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय बलौदाबाजार में 6 खंडपीठ, परिवार न्यायालय हेतु 1 खंडपीठ, भाटापारा व्यवहार न्यायालय हेतु 3 खंडपीठ, व्यवहार न्यायालय सिमगा एवं कसडोल हेतु 1–1 खंडपीठ का गठन किया गया है। राजस्व न्यायालय के प्रकरण हेतु 15 खंडपीठ बनाया गया है। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे प्रधान जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार द्वारा किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, 138 चेक अनादरण से संबंधित प्रकरण, विद्युत प्रकरण, श्रम न्यायालय से संबंधित प्रकरण, राजस्व मामले एवं विद्युत, दूरसंचार, बैंक, फाईनेंस कंपनी के बकाया राशि के प्री लिटिगेशन तथा नगर पालिका के बकाया कर संबंधी प्री'लिटिंगेशन प्रकरण की सुनवाई की जावेगी। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में जनमानस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के कार्यालय में उपस्थित होकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**भाटापारा।** शहर थाना पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले युवक को महिला की रिपोर्ट पर तत्काल दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 376, 323 भादवि के तहत अपराध दर्ज़ किया है। पीड़िता ने बताया कि गांधी मंदिर वार्ड का निवासी मुकेश पटेल पिता शिवकुमार पटेल 22 वर्ष शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करते रहा।






**खबर संक्षेप**

### राजस्व मंत्री ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए दिए 6 लाख



**बलौदाबाजार।** राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने सरस्वती शिशु मंदिर लाहोद में एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु छह लाख रूपए की स्वीकृति दी है। इसके लिए जागृति शिक्षा समिति सरस्वती शिशु मंदिर लाहोद के अध्यक्ष डीआर साहू, समिति के सदस्यों प्रधानाचार्य, प्राचार्य व शिक्षकों ने मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

### तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में शामिल एक और आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** जिला मुख्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में शामिल एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी जोमैटो डिलीवरी का काम करता है। घटना में पत्थरबाजी एवं तोड़फोड़ कर, फरार होकर फिर से डिलीवरी का कर रहा था। आगजनी की घटना को अंजाम देने अब तक 159 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने प्रकरण में शामिल आरोपी कुलदीप राय को गिरफ्तार किया है। घटना दिनांक को आरोपी को संयुक्त कार्यालय परिसर में पत्थर बाजी करते हुए एवं तोड़फोड़ करते हुए सीसीटीवी वीडियो-फुटेज में देखा जा रहा है। आरोपी जोमैटो डिलीवरी का काम करता है। घटना दिनांक को तोड़फोड़, पत्थर बाजी करने पश्चात, जैसे उसने कुछ किया ही नहीं है एवं अपने आपको एक सामान्य कामकाजी युवा के रूप में प्रदर्शित करते हुए फिर से जोमैटो डिलीवरी का काम प्रारंभ कर दिया था।

### ब्यूटी पार्लर में चोरी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक ब्यूटी पार्लर के संचालक ने अज्ञात के खिलाफ अपने ब्यूटी पार्लर से नकदी 28 हजार, सीसीटीवी कैमरा डीवीआर तथा एसी आउटर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रायल ब्यूटी पार्लर के संचालक अफसाना सैफी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अफसाना ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर छत के रास्ते फाल्स सीलिंग तोड़कर पार्लर के अंदर दाखिल हुआ और चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### वृंदावन हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के ऐसे बच्चे, जो इस सत्र के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

# विधायक के आंदोलन पर पीड़ित परिवार को कंपनी ने दिया 28 लाख का मुआवजा

**अपोलो कंपनी में वेल्डिंग के दौरान गिरने से श्रमिक की हुई थी मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

विकासखंड सिमगा के ग्राम रिंगनी स्थित एपीएल अपोलो संयंत्र में हुए हादसे में 24 वर्षीय श्रमिक करण कुमार साहू की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक इंद्रसाव फैक्ट्री पहुंचे और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर अपने साथियों के साथ धरना पर बैठ गए। कंपनी ने विधायक की मांग को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को 28 लाख मुआवजा राशि देने के लिए तैयार हुआ। विदित हो कि अपोलो कंपनी में ग्राम केसदा निवासी करण कुमार साहू 30 फीट की ऊंचाई पर चढ़कर वेल्डिंग का कार्य कर रहा था। इसी बीच अचानक लोहे का भारी भरकम एंगल सहित वह नीचे गिरने से एंगल में दब गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल इलाज हेतु रायपुर के नारायणा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। आक्रोशित ग्रामीण सुबह से ही फैक्ट्री के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए मुआवजा की मांग करने लगे। इस दौरान विधायक इन्द्र साव को दुर्घटना की सूचना मिलते ही वे विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया एवं कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष हिरेन कोसले के साथ मौके पर पहुंचे। विधायक ने शोकाकुल परिवार को ढाढंस बंधाते हुए भरपुर सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस बीच विधायक साव ने घटना स्थल का निरीक्षण भी किया।



**मृतक की पत्नी को प्रतिमाह 15 हजार रूपए पेंशन की मांग की**

विधायक ने बताया कि इस दौरान संयंत्र में कोई भी जवाबदार अधिकारी मौजूद नहीं था। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए संयंत्र के बाहर समर्थकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, एवं एसडीओपी चंद्राकार पुलिस बल के साथ संयंत्र के बाहर मौके पर तैनात रहे। इस बीच जानकारी मिली कि रायपुर में संयंत्र प्रबंधन एवं परिजनों के बीच समझौता हुआ, जिसमें मृतक के परिजनों को मुआवजे के तौर पर 25 लाख का चेक एवं 3 लाख नकद दिया गया तथा परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी दी जाएगी। उक्त समझौता पर विधायक साव ने मुआवजे की राशि को कम बताते हुए कहा कि मृतक की पत्नी को बतौर पेंशन प्रतिमाह 15 हजार रुपये दिया जाना चाहिए। संयंत्र प्रबंधन की गैरमौजूदगी तथा सुरक्षा उपायों की कमी पर विधायक ने फोन पर संयंत्र प्रबंधक पर नाराजगी जाहिर करते हुए भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए चेताया।

**अपराध : आरोपी ने 12 से अधिक की धोखाधड़ी को दिया था अंजाम**

# आनलाइन फ्रॉड का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

12 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले युवक को पुलिस ने अपराध दर्ज होने के कुछ घंटों बाद दबोच लिया है। पुलिस आरोपी के मोबाइल के आधार पर उसके अन्य मुख्य आरोपियों की पतासाजी का प्रयास कर रही है। किसके बोलने पर उसने पीड़ित के साथ इस तरह धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

- तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंची पुलिस

बताया गया है कि यूनाइटेड स्टेट्स डॉलर प्राप्त करने के लिए पीड़ित से 12,34,500 रुपए की ठगी आरोपियों द्वारा की गई तथा पीड़ित से लाखों की रकम ऑनलाइन प्राप्त करने के बाद भी उसे संबंधित यूएसडीटी नहीं मिल। तब जाकर पीड़ित ने अपने घर तेन्दुकोना महासमुन्द थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया, जहां नए कानून का पालन करते हुए जीरो में 420 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज किया गया। चुंकि पीड़ित द्वारा भाटापारा सिटी के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से ट्रांसक्शन किया था, इसलिए घटना स्थल भाटापारा सिटी पुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा गया। भाटापारा सिटी पुलिस ने तत्काल ऑनलाइन जीरो में एफआईआर प्राप्त करके पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर कार्रवाई की गई।



इस कार्रवाई में आरोपी विपुल शुक्ला के बैंक अकाउंट, फोटो, पेन नंबर, आधार कार्ड के आधार पर आरोपी तक तत्काल तकनीकी साक्ष्यों की मदद से कुछ ही घंटों में पहुंच गई और बिलासपुर जिले के राजकिशोर नगर क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 50 हजार रुपए नकद जब्त कर आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया, इसके बाद वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष ठगी की गई रकम के बदले यूएसडीटी पीड़ित को प्राप्त हो चुका है। इस तरह पुलिस को ठगी की सम्पूर्ण रकम की रिकवरी में सफलता मिल चुकी है।पीड़ित नवी मुंबई में काम करता है।

पारिवारिक काम से पलारी के सिसदेवरी रिस्तेदारी में आया था, जहां उसे व्यक्तिगत कारण से पैसा विथड्राल के लिए 1234500 रूपये के यूएसडीटी की जरूरत होने से binance app का उपयोग किया गया, जिससे उसको ट्रेडर का नाम, कांटेक्ट नंबर मिला, बैंक का अकाउंट नंबर भी मिला, जिस पर पीड़ित ने 1234500 जमा करा दिया, लेकिन उसे जब उसके बदले में कोई करेंसी नहीं मिली तो उसने संबंधित कांटेक्ट नंबर पर मैसेजस से चैटिंग किया तो आरोपी विपुल शुक्ला ने अन्य मोबाइल नंबर से सम्पर्क करने कहा, व पैसे वापस करने से इंकार कर दिया, जिससे क्षुब्ध होकर पीड़ित को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करना पड़ा व अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित पहले भी ऑनलाइन ट्रेडिंग 6 जून से 4-5 बार ऑनलाइन एप्प के माध्यम से usdt currency ले चुका था, इसीलिए इस बार भी उसने पहले की ही तरह रकम जमा कर दिया।

# शिक्षकों व भवनों की कमी से पालक व बच्चे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

शिक्षा सत्र शुरू होते ही शिक्षा विभाग के अव्यवस्थाओं की पोल इस वर्ष भी खुलने लगी है। कहीं स्कूल भवन की कमी तो कहीं शिक्षकों की कमी की समस्या आ रही है। यह कथन विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा। वहीं क्षेत्र के लगभग सभी स्कूलों में शिक्षकों की कमी की शिकायत लेकर ग्रामीण आ रहे हैं। अधिकारियों से बात करने पर वह खुद शिक्षकों की कमी का रोना रो रहे हैं। राज्य सरकार और शिक्षा विभाग शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने एवं स्कूलों में शिक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं बेहतर करने के लाख दावे कर रहा हो, लेकिन धरातल में शिक्षा का निम्न स्तर और स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। ग्राम कामता के पालकों द्वारा बच्चों के भविष्य की चिंता व्यक्त करते हुए विधायक इन्द्र साव को ज्ञापन सौंपा है कि गांव के हाई स्कूल में लगभग 270 बच्चे अध्यनरत है और यहां अंग्रेजी, विज्ञान, भौतिक, भूगोल, सांख्यिकी जैसे महत्वपूर्ण विषय के लिए शिक्षक नहीं है।



- कामता की स्कूल में 270 बच्चे हैं अध्ययनरत

इसी संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षकों की कमी को देखते हुए अब कुछ पालक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भी दाखिल करने के लिए सोच रहे हैं। विधायक साव ने ग्रामीणों को आश्वास्त किया है कि उक्त समस्या को जल्द निराकृत करते हुए शिक्षकों की कमी को दूर किया जायेगा। इस संबंध में श्री भाटिया ने बीईओ एसके गेंदले से ब्लॉक में शिक्षकों की कमी व भवनों की स्थिति की जानकारी मांगी। साथ ही जीन शिक्षकों को दूसरे कार्य या दूसरे विभाग में अटैच किया गया है उसकी जानकारी मांगते हुए उसे मूल पदस्थापना में भेजने कहा है।

# व्यवहार न्यायालय परिसर में न्यायाधीश ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

व्यवहार न्यायालय भटगांव परिसर में आंवला, अमरूद, आम, करन आदि फलदार पौधे का न्यायाधीश सविता सिंह ठाकुर ने रोपण किया। लगातार पेड़ों की कटाई व सिमटते जंगल को देखते हुए पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरुक करने पौधारोपण किया गया। वैश्विक महामारी कोरोना के समय लोगों ने ऑक्सीजन के महत्व को जाना है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सब को सचेत रहने की जरूरत है। इस मौके पर अभिभाषक संघ भटगांव के पूर्व संरक्षक जगेसर लहरे, अध्यक्ष जे बंजारे, सचिव डगेश्वर खटकर, यशपाल सिंह, एम एल चन्द्रा, विजय शंकर साहू, रामसाय सिंह बघेल, नरसिंग साहू, सुमन तांदुलाने, दीपक कुमार पी एल व्ही, हेमचरण चौरगे, न्यायालयीन कर्मचारी गीता प्रसाद कोशले प्रस्तुतकार, सन्दीप बर्मन, अशोक कर्ष आदि ने पौधारोपण के इस पुनीत कार्य में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किए।



**कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ**

बिलाईगढ़। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र– छात्राओं द्वारा भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसके परिपालन में बिलाईगढ़ महाविद्यालय परिसर में नीम, पीपल, आम, अशोक के कुल 20 पौधे का रोपण किया गया।



# हायर सेकंडरी स्कूल में हुआ वृहद पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरजरा में वन महोत्सव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग एवं विद्यालय परिवार की संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एसएमडीसी अध्यक्ष उमेश साहू, सरपंच वृंदा गीता प्रसाद साहू ,शिक्षाविद रामदयाल साहू उपस्थित हुए। सर्वप्रथम सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवम गुलाल से स्वागत किया गया। तत्पश्चात माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्याख्याता एवं स्काउट प्रभारी पूनम सिंह साहू एवं लव कुमार जायसवाल के निर्देशन में स्काउट गाइड एवं विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा 625 पौधे लाए गए एवम पौधों को हाथ में लेकर वृक्ष के स्वरूप का मानव श्रृंखला बनाया गया, ताकि पेड़ लगाने सभी प्रोत्साहित हो सके। डिप्टी रेंजर विभीषण प्रसाद पटेल ने बच्चों को जलवायु परिवर्तन, भीषण गर्मी से बचने पौधरोपण कर संरक्षण करने हेतु संबोधित किया तथा उन्होंने बताया कि आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरजरा,





मिडिल स्कूल घरजरा, प्राथमिक शाला घरजरा एवं गांव के तालाब के किनारे स्थलों पर कुल 625 पेड़ पौधे लगाए गए। प्राचार्य पवन कुमार दीवान ने वृहद पौधारोपण के उद्देश्य तथा उसके संरक्षण के बारे में बताएं। मुक्ति प्रकाश एक्का ने विश्व जनसंख्या दिवस पर वृक्षों की संख्या बढ़ाने की बात की। इस पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आह्वान पर एक–एक पेड़ लगाए एवं उसे सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता श्रीमती सरोजिनी बरीहा,पूनम सिंह साहू, मुक्ति प्रकाश एक्का, ज्योति एक्का, अभिलाषा चौरसिया, कमलेश साहू, लव जायसवाल, एल कुमार, विमल भोई, शत्रुघन गोरियार, नरोत्तम साहू, भूपेंद्र नायक,भेषज पटेल एवं वन विभाग से शेषदेव पटेल, आशीष सोनंत, रामरतन कर्ष, संजू साहू, छबिलाल साहू आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन पूनम सिंह साहू एवं आभार प्रदर्शन सरोजनी बरिहा ने की।

# कलेक्टर-एसपी ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक




**बलौदाबाजार।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, जिला परिवहन अधिकारी सी एल देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले के सड़कों में चिन्हांकित सभी ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा उपाय दुरुस्त करने के निर्देश दिए ताकि सुगम अवगमन हो एवं दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होने सभी ब्लैक स्पॉट पर रेडियम संकेतक, साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने नियमित अभियान चलाने तथा मविशियों को रेडियम पट्टा पहनाने के भी निर्देश दिए। इसीप्रकार सड़क किनारे ठेला व गुमटी लगाने वाले तथा दुकनों के बाहर सड़क में सामान रखने वालों पर कार्यवाही करने के नगर पालिका अधिकारी को दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों में वाहन चेकिंग उड़नदस्ता सक्रिय रहें। सड़कों पर बिना हेलमेट मोटर सायकिल चलाने वालों पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए तीन सवारी वाहन चालकों, मुख्य मार्गों एवं व्यस्त सड़कों पर मोबाईल पर बात करते हुए मोटर सायकल चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करें। बताया गया कि जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग में कुल 23 ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित किये गए हैं जिसमें संकेतक बोर्ड एवं स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं। माह जनवरी से जून तक 4587 प्रकरणों में चलानी कार्यवाही कर 68 लाख 84 हजार रूपये शमन शुल्क वसूला गया है।

# खाद बिक्री में अनियमितता, 3 दुकानों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर अनियमितता पायी जाने पर कार्रवाई की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षकों द्वारा बीज विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कृषकों को केवल गुणवत्तायुक्त बीजों का ही विक्रय किया जाएं। साथ ही कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर निर्देश दिये गये हैं कि कृषकों को नकली एवं कालातीत दवाइयों को किसी भी परिस्थिति में विक्रय न किया जाए। शासन के निर्देशानुसार अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। पीओएस मशीन से विक्रय पश्चात ही उर्वरकों का अनुदान निर्माता कम्पनी को प्राप्त होता है।

- अधिकारियों की अपील : पीओएस के माध्यम से ही उर्वरकों का क्रय करें किसान



इसलिए फुटकर उर्वरक विक्रेता किसी भी परिस्थिति में बिना पीओएस के अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। जिले के विभिन्न विकासखंडो में नियुक्त उर्वरक निरीक्षकों को नियमित रूप से उर्वरक विक्रय केन्द्रों की निगरानी करने तथा उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उपलब्ध भौतिक स्कंध एवं पीओएस में उपलब्ध स्कंध का मिलान करने तथा दोनों स्कंध में भिन्नता पाए जाने पर उर्वरक आदेश, 1985 के तहत तत्काल कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। विकासखण्ड–कसडोल के निरीक्षक, धनेश्वर साय द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कसडोल, संदीप कृषि सेवा केन्द्र बया, श्री शिवम बीज भण्डार बया, भरत कृषि केन्द्र, उमा कृषि केन्द्र, अग्रवाल कृषि केन्द्र, गिधौरी, हनुमान कृषि केन्द्र कटगी का निरीक्षण किया गया। जिसमें हनुमान कृषि केन्द्र कटगी तथा भरत कृषि केन्द्र गिधौरी द्वारा स्त्रोत प्रमाण पत्र का संधारण नहीं किये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। इसी तरह विकासखण्ड पलारी के निरीक्षक, सुचिन कुमार वर्मा द्वारा टी.एस. कृषि सेवा केन्द्र कोदवा, मेसर्स हीरालाल राजकुमार सण्डी, वर्मा कृषि सेवा केन्द्र सण्डी का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड–सिमगा के निरीक्षक रामअवतार राठौर द्वारा ओम कृषि केन्द्र सुहेला, देवा कृषि केन्द्र सुहेला का निरीक्षण किया गया तथा ओम कृषि सेवा केन्द्र सुहेला को स्टॉक एवं मूल्य सूची प्रदर्शित न करने तथा बिल बुक एवं स्टॉक रजिस्टर का उचित संधारण न करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि उर्वरक विक्रय केन्द्रों से पीओएस के माध्यम से ही उर्वरकों का क्रय करें तथा क्रय किये गये सभी आदान सामग्रियों जैसे कि उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

# बार-बार बिजली गुल होने से ग्रामीण-किसान परेशान




हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

अंचल में बार-बार बिजली बंद से क्षेत्र के ग्रामीण परेशान हैं। इससे व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

शैक्षणिक संस्थानों, कॉलेजों में छात्र ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। किसानों ने बताया खेतों में फसलों को पानी आवश्यकता है। बारिश के अभाव में खेतों में दरारें पड़ने लगी है, जिसे किसान बोरवले के पानी से फसलों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बिजली नहीं होने के कारण वे भी परेशान है। बिजली बंद से स्कूल, हॉस्पिटल, बैंक, थाना, सोसायटी, तहसील कार्यालय, ऑनलाइन कार्य आदि विभाग प्रभावित हो रहे।

**ठीक हो गया ट्रांसफार्मर**

सब स्टेशन में बड़े ट्रांसफार्मर में कुछ समस्या आ गई थी। भाटापारा से टीम बुलाई गयी थी अब इस समस्या को ठीक कर दिया गया है।

– **मनोज साहू,** जेई बिजली विभाग

## खबर संक्षेप

### कुलदीप निगम की जयंती पर कई स्थानों पर किया पौधारोपण

**रायपुर।** छत्तीसगढ राज्य बाल कल्याण परिषद के संस्थापक सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप निगम की 60वीं जयंती के अवसर पर माना कैंप स्थित कुलदीप निगम वृंदाश्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही परिसर में पौधारोपण और वहां निवास करने वालों बुजुर्गों को फल वितरण किया गया। इस मौके पर आश्रम के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार निगम ने बताया कि इसी दौरान प्रेस क्लब मोती बाग, बाल गृह माना कैंप और खुला आश्रय माना कैंप में भी पौधारोपण किया गया। इसके अतिरिक्त उनके पैतृक गांव नर्रा जिला महासमुंद के शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पौधारोपण किया गया। जयंती पर पौधारोपण कार्यक्रम के तहत 60 फलदार पौधे रोपे गए, जिसमें अमरूद, जामुन, सीताफल, आंवला, मुनगा, बेल, कटहल शामिल है। इस अवसर पर बिमल घोषाल, प्रेस क्लब के कोषाध्यक रमन हलवाई, संयुक्त सचिव बमलेश्वर सोनवानी, कार्यकारिणी सदस्य मनीष वोरा, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश चौबे, नारायण भोई, प्रशांत शर्मा, प्रमोद ब्रह्मभट्ट, शमीम, प्रदीप डरसेना, पारुल चक्रवर्ती, लीला यादव, नर्रा के प्राचार्य सुबोध तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, संगीता जग्गी अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### गुरु स्वामी टेऊंराम के जन्मोत्सव पर हुआ विशाल ब्राहमण भोज

**रायपुर।** गुरु स्वामी टेंऊँराम महाराज के 138 जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को विशाल ब्राहमण भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शैलेंद्र नगर स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम में पिछले 40 दिन से चल रहे महाराज के जन्मोत्सव पर किया गया, जिसमें रायपुर शहर के लगभग 10 हजार ब्राहमणों ने भोज किया। इसके बाद ब्राह्मण देव को पखर प्रसादी, नगद दान, दक्षिणा के साथ सबको एक-एक छात्ता भी सेवा के स्वरूप में दिया गया। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि प्रेम प्रकाश आश्रम में पिछले सप्ताह रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था, जिसमें 138 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में प्रेम प्रकाश आश्रम महिला मंडल, बालिका मंडली और प्रेम प्रकाश युवा मंडल का विशेष योगदान रहा। उन्होंने आगे बताया कि आज शाम को 138 जोड़ो द्वारा सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद 138 केक का भोग और 138 व्यंजनों का भी भोग लगाया जाएगा।

## निधन

### भुखीन बाई जायसवाल



**पलारी।** भुखीन बाई जायसवाल 65 का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चरौदा के मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थिति होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वह बिरेंद्र जायसवाल, दीनबंधु, राजेंद्र की माता और शिक्षक बृजभूषण जायसवाल की चाची थीं।

### पौधारोपण : न्यायालय परिसर में आयोजित वन महोत्सव में रोपे गए विभिन्न प्रजातियों के पौधे

# पर्यावरण संतुलन के लिए लगाएं पीपल, बरगद और नीम के पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

आमजनों को पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वन विभाग के बैनर तले वन महोत्सवएक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर सारंगढ़ में आयोजित किया गया। कलेक्टर धर्मेश साहू द्वारा पीपल का पौधा रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पीपल, बरगद, नीम का पेड़ लगाया जाए। पेड़ लगाना ही नहीं अपितु उन पेड़ों की सुरक्षा व संरक्षण करना भी हमारा दायित्व है। इस दौरान कलेक्टर साहू ने जिलेवासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कहा कि अब जब वायुमण्डल में रिफ्रेशर ही नहीं रहेगा तो गर्मी तो बढ़ेगी ही। हर 500 मीटर की दूरी पर एक फलदार और छायादार पेड़ लगायें, तो आने वाले कुछ साल बाद प्रदूषण मुक्त भारत होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से सभी नागरिक पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे जरूर लगाए। जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने कहा कि आप अपने घर, आंगन, खेत में अपनी माता के साथ या माताजी की स्मृति में पौधा लगावें। पीपल के पत्ते का फलक अधिक और डंठल पतला होता है, जिसकी वजह शांत मौसम में भी पत्ते हिलते रहते हैं और स्वच्छ ऑक्सीजन देते रहते हैं। जिला सत्र न्यायाधीश ने पेड़ पौधों की उपयोगिता एवं महत्व बताते हुए सभी लोगों से पौधा लगाने की अपील की। जिस प्रकार माता–पिता हमें संरक्षण देते हैं, उसी प्रकार पेड़ भी हमें संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम की इस लाइन में बहुत गहराई छुपी हुई है और हमें पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए पेड़ जरूर लगाना चाहिए। इन जीवनदायी पेड़ों को ज्यादा से ज्यादा लगाने के लिए समाज में जागरूकता बढ़ायें।

## छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश



**मुड़पार-सरसीवां।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरजरा में वन महोत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग एवं विद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एसएमडीसी अध्यक्ष उमेश साहू, सरपंच वृंदा गीता प्रसाद साहू, शिक्षाविद रामदयाल साहू उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डिप्टी रेंजर विभीषण पटेल एवं एवं प्रभारी प्राचार्य पवन दीवान के निर्देशन में तथा व्याख्याता एवं स्काउट प्रभारी पूनम सिंह साहू एवं लव कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में स्काउट गाइड एवं विद्यालय के छात्रों द्वारा 625 पौधे लगाए गए। छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर विभीषण प्रसाद पटेल ने बच्चों को जलवायु परिवर्तन, भीषण गर्मी से बचने पौधारोपण के महत्व बताते हुए कहा कि आज घरजरा के हाई स्कूल, मिडिल एवं प्राथमिक शाला एवं गांव के तालाब मेड़ पर कुल 625 पौधे रोपे गए।

▪ घरजरा के स्कूलों में वृहद पौधारोपण अभियान में रोपे गए 600 पौधे

प्रभारी प्राचार्य पवन कुमार दीवान ने वृहद पौधारोपण के उद्देश्य तथा उसके संरक्षण के बारे में जानकारी दी। व्याख्याता मुक्ति प्रकाश एक्का ने विश्व जनसंख्या दिवस पर जन संख्या कम करने एवं वृक्षों की संख्या बढ़ाने की अपील की। इस पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आह्वान पर एक–एक पेड़ लगाए एवं उसे सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में व्याख्याता सरोजिनी बरीहा, पूनम सिंह साहू, मुक्ति प्रकाश एक्का, ज्योति एक्का, अभिलाषा चौरसिया, कमलेश साहू, लव जायसवाल, एल कुमार, विमल भोई, शत्रुघन गोरियार, नरोत्तम साहू, भूपेंद्र नायक, भेषज पटेल एवं वन विभाग से शेषदेव पटेल, आशीष सोनंत, रामरतन कर्ष, संजू साहू, छबिलाल साहू आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शिक्षिकाओं ने डीईओ को टीएलएम बुक भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित दक्षताओं को प्राप्त करने के लिए नित नए नवाचार विभाग व शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। इसमें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बच्चों की तकनीकी व व्यवहारिक ज्ञान पर केंद्रित व प्रेरित करती है। किताबों पर आधारित शिक्षण से बच्चों में उबाऊपन व नीरसता आ जाती है, इसलिए शिक्षक अपने पठन पाठन में टीएलएम पर फोकस कर रहे हैं। इसी क्रम में डाइट रायपुर में प्रदेश के अलग-अलग जिलों के लगभग 28 सक्रिय व नवाचारी शिक्षकों द्वारा बनाए गए शिक्षण सामाग्री के साझा संकलन पर आधारित पुस्तक टीएलएम बुक का विमोचन राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के सहायक संचालक डॉ एम सुधीश व डाइट रायपुर के प्राचार्य बीएल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। संपादक मंडल में सम्मिलित जिले के महिला शिक्षकों द्वारा पुस्तक की प्रति जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती को सौंजन्य भेंट की। इसमें विकासखंड सिमगा की शिक्षिका भारती वर्मा, पलारी से अराधना वर्मा व बलौदाबाजार जिले से योगेश्वरी साहू द्वारा बच्चों को सक्रिय शिक्षण के लिए बनाए गए सहायक शिक्षण सामग्रियों को स्थान मिला है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के कुछ सक्रिय व नवाचारी शिक्षकों ने अपने शाला में विषय की जटिल समस्याओं को सरल बनाने व शिक्षण को रोचकता प्रदान करने के लिए टीएलएम बनाकर, बनाने के उद्देश्य, किस स्तर के बच्चों के लिए उपयोगी, प्राप्त होने वाले कौशल व दक्षता, किस कक्षा व किस एलओएस पर काम करेगा, निर्माण के लिए आवश्यक सामाग्री, बनाने की विधि, लागत, प्रयोग विधि, बच्चों को लाभ के साथ टीएलएम का वीडियो लिंक को लिखित स्वरूप के साथ प्रकाशित किया गया है। यह प्राथमिक व माध्यमिक दोनों स्तर के शिक्षकों द्वारा बनाया गया है। इस पुस्तक का उपयोग 1ली से 8 वीं तक के शिक्षक अपने शिक्षण योजना में कर सकते हैं। इस पुस्तक में हिन्दी, गणित, पर्यावरण, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान जैसे सभी विषयों का समावेश किया गया है। डाइट प्राचार्य बीएल देवांगन ने भी राज्यभर के आये सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने शिक्षा में बदलाव हेतु एक अभिनव प्रयास की शुरुआत की है, इससे राज्य के सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे।

# माता पहुंचानी पर्व पर मां शीतला का किया विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



अचंल में गुरुवार को माता पहुंचानी का महापर्व धूमधाम से मनाया गया। गांव के बैगा द्वारा सभी देव स्थल पर सुबह से ही पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। महामाया और शीतला मंदिर में मां का विशेष श्रृंगार कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। इस दौरान माताएं अपनी संतान एवं परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए घर से पूजा की थाली सजाकर मंदिर पहुंची। उनका कहना है कि आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्थी मां जगत जननी का वार होता है। भक्तों में नीम के पत्ते से जल का छिड़काव किया। गांव के समस्त लोग मंदिर पहुंचकर जुड़वास लिए, जिससे कोई प्रकार की रोग ना हो और गांव में किसी प्रकार की हानि न पहुंचे। खेत खलियान में किसी प्रकार की कीटनाशक बीमारी न हो। सेवा समिति द्वारा गांव का भ्रमण करते हुए माता जस गीत गाते हुए महामाया मंदिर पहुंचे और माता का जस गीत के माध्यम से गाथा गीत संगीत सुनाया गया। इस अवसर पर सरपंच सोनू साहू, उपसरपंच मुकेश झा, दुखू निषाद, बलराम निषाद, बैधनाथ राय चौधरी, दूजराम निषाद, मोती लाल, शत्रेहन साहू, देवेंद्र सेन, राजकुमार निषाद, दाऊलाल ध्रुव, राय सिंह संतोष साहू, ओंकार साहू, उत्तम साहू, विजय साहू, किशन ध्रुव, धनेश्वर साहू, केशव धुरव, डेविड साहू, लागून निषाद, संतोष ध्रुव, इच्छाराम साहू, पप्पू ध्रुव, फागू राम सेन, अमितेश साहू, बलि साहू, चरण निषाद, तुलसी साहू, खिलन साहू, देवनाथ साहू, हुसैन साहू, जेठू राम, वंश चंद्राकर, शंभू निषाद सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बंगोली और कुर्रा में मना जुड़वास



**बंगोली।** आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष 11वीं तिथि को ग्राम बंगोली एवं कुर्रा के मां शितला मंदिर में जुड़वास मनाया गया। ग्राम के शीतला तालाब पार में स्थित मं शीतला मंदिर में जुड़वास मनाया गया। परंपरा के अनुसार ग्राम के माता जस सेवा समिति भक्तों ने जसगीत गाते हुए पूरे ग्राम में भ्रमण किया, तदुपरांत महिलाओं, बच्चों सहित ग्रामीण शीतला के दरबार में अपनी श्रद्धानुसार चॉवल, दाल, श्रीफल लेकर मां शितला के चरणों में अर्पित किया।

**अमृत तुल्य जल का हुआ छिड़कावः** जुड़वास के दिन मां शीतला मंदिर में मां शीतला के श्रीचरणों से अभिमंत्रित जल का छिड़काव मंदिर आये हुए सभी भक्तों पर किया गया। यह अमृततुल्य जल को लाकर अपने घर, दुकान में छिड़काव किया गया। लोगों में मान्यता है कि यह अमृततुल्य जल का छिड़काव करवाने से वर्षभर मानव तन निरोगी काया, घर की अशुभ नकारात्मक शक्ति का नाश करती है।

# धौराभाटा स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन




**भटगांव।** शिक्षक वीरेंद्र कुमार कोशले ने अपने जन्मदिन पर स्कूल में न्योता भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धौराभाटा के सरपंच खोलबहरा जाटवर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य एसएल पटेल, ब्लॉक नोडल बालवाड़ी बिलाईगढ़ संजीव राजेत्री मौजूद थे। मुख्य अतिथि सरपंच खोलबहरा जाटवर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर डाला। बच्चों को समय सारिणी का पालन करने और गृह कार्य की महत्ता को समझाया। अध्यक्षता कर रहे विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर जीवन में सफल होना है तो किताबों से मित्रता कर लो। किताबों से बढ़कर दुनिया में अच्छा मित्र नहीं हो सकता। साथ ही शिक्षकों के बताए रास्तों के अनुसार चलोगे तो मंजिल अवश्य प्राप्त होगी। कार्यक्रम में कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक के प्रतिभावान बच्चों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा सम्मान स्वरूप पुरस्कार भी वितरण किया गया।

# युवक ने सोशल मीडिया पर की दोस्ती और दुष्कर्म को दिया अंजाम, गिरफ्तार



**सिमगा।** स्थानीय थाना में प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोशल मीडिया फेसबुक मोबाइल के माध्यम से आरोपी वेदप्रकाश निवासी भालूमाड़ा वार्ड 18 पीली दफाई कोतमा कालोनी जिला अनुपपुर मप्र के साथ दोस्ती हुई थी। इस दौरान आरोपी प्रार्थिया के घर आना जाना करने लगा तथा प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर उसके साथ 2 वर्षों तक दुष्कर्म किया। प्रार्थिया द्वारा शादी करने की बात कहने पर आरोपी द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध भादवि की धारा 376, 506 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। सिमगा पुलिस ने सायबर सेल बलौदाबाजार की टेक्निकल टीम की सहायता से आरोपी वेदप्रकाश को रायपुर फाफाडीह चौक से पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा दिया है।

### मांग पूरी नहीं होने पर बढ़ सकती है हड़ताल अवधि

# मांगों पर अडिग हैं पटवारी और तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं सिमगा तहसीलदार नीलमणि दुबे ने बताया कि संघ की लंबित मांगों को लेकर प्रदेश के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार 10 से 12 जुलाई तक तीन दिवसीय हड़ताल पर हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार संसाधन एवं सुरक्षा के अभाव में कार्य कर रहे हैं। उन्हें ईकोर्ट, आनलाइन भुइंया पोर्टल, ई डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से आनलाइन कार्य हेतु दबाव बनाया जा रहा है, जबकि इस प्रक्रिया में इंटरनेट सुविधा, कम्प्यूटर आपरेटर, कम्प्यूटर प्रिंटर, स्कैनर, स्टाफ का पूर्णरूपेण अभाव है। ऐसे में हम स्वयं के संसाधन एवं विवेक से आनलाइन कार्य संपादित कर रहे हैं। जिसमें तकनीकी गलती होने पर कार्यवाही की जाती है। आनलाइन रिपोर्ट के माध्यम से प्रक्रिया के विपरित निराकरण करने अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है। ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के निराकरण में कार्यालयीन समय निकल जाता है। ऐसे में बिना कम्प्यूटर आपरेटर व संसाधन के आनलाइन राजस्व न्यायालय पर पेशी डेट बढ़ाना आदेश पत्र अपलोड करना आनलाइन प्रकरण का समाधान आदि में परेशानी होती है।

इस प्रकार कार्य का बोझ, शासन द्वारा उपेक्षा, सुरक्षा व संसाधन की कमी से हम पूर्ण रूपेण आहत हैं। शासन द्वारा तहसीलदार एवं डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति के अनुपात को 50–50 किए जाने, नायब तहसीलदारों को राजपत्रित अधिकारी की घोषणा उपरांत भी आज तक अमल नहीं किया गया। इसलिए तहसीलदार नायब तहसीलदार संघ तीन दिवसीय हड़ताल में जाने विवश हैं। यदि शासन द्वारा तीन दिनों में उचित निर्णय नहीं लिया गया तो हड़ताल आगे भी जारी रहेगी।

### सुरक्षा का आश्वासन पर आज तक अमल नहीं

प्रदेश के तहसीलदार नायब तहसीलदार दिन रात ला एंड आर्डर हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की भूमिका का निर्वहन अपने नीजी वाहन से करने मजबूर हैं तथा वीआईपी मूवमेंट में ज्यादातर समय प्रोटोकॉल में चला जाता है। समय अभाव में कई बार पक्षकारों से वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। गत दिनों रायगढ़ तहसीलदार के साथ मारपीट की घटना पर शासन द्वारा हमें सुरक्षा का आश्वासन दिया गया था जिस पर आज तक अमल नहीं हुआ है। इसी तरह अधीक्षक, सहायक अधिक्षक भू अभिलेख को तहसीलदार नायब तहसीलदार का प्रभार दिया जा रहा है। धमतरी जिला इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। एक तरफ प्रदेश के सभी पटवारी अपनी मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चले गए हैं, बावजूद इसके शासन द्वारा राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।



**खबर संक्षेप**



## 90 पाउच शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**गिधौरी।** अवैध शराब बिक्री के लिए जा रहे एक शराब कोचिया को पुलिस ने दबोचा। उसके कब्जे से शराब का कुल 90 पाउच जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरौदपुरी पुलिस ने बुधवार को ग्राम तुरकीनडीह जाने वाला मार्ग नहर पार पुलिया में घेराबंदी कर बाइक से बिक्री करने अवैध महुआ शराब ले जाते हुए कोचिया को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जितेंद्र 34 साल निवासी ग्राम बलौदा डेरा निवासी बताया। जांच के दौरान युवक के कब्जे से झिल्ली का 90 पाउच मिला, जिसकी कीमत 3600 आंकी गई। साथ ही आरोपी से अवैध रूप से शराब ले जाने में प्रयुक्त सोल्ड पल्सर मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध चौकी गिरौदपुरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया।

## शराब की अवैध बिक्री करने वाला युवक गिरफ्तार



**गिधौरी।** स्थानीय पुलिस ने ग्राम नवरंगपुर में शराब की अवैध बिक्री करने वाले को दबोचा और उसके कब्जे से 11 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर ग्राम नवरंगपुर निवासी 51 वर्षीय रथराम उर्फ समारू के घर पुलिस पहुंची। जांच में 11 लीटर महुआ शराब मिली। जब्त शराब की कीमत 2200 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा है।

# एक पेड़ मां के नाम पीएम संदेश पर ब्लाक में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज : कसडोल

नगर के शासकीय दौलतराम शर्मा महाविद्यालय में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम से सोनाखान रेंज अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर सहित कई जगहों पर लगभग 1500 पौधों का रोपण किया गया। इसी तरह पूरे जिलेभर में वन विभाग द्वारा तकरीबन 10 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत मानसून में कम से कम प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधारोपण करने का आग्रह किया गया है। इसी के तहत वनमंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल, अक्षय दिनकर भोसले प्रभारी उपवनमंडला अधिकारी कसडोल के मार्गदर्शन में विकासखंड मुख्यालय कसडोल के महाविद्यालय परिसर सहित विकासखंड के ग्राम भरखा, बोरसी पंचायत, फुरफुन्दी, पोड़ी, पचपेड़ी, छरछेद, कूकरीकोना, नवागांव, बिटकुली, सेमरिया सहित तमाम स्कूल और पंचायत परिसर में कदम, पुत्रंजीव, पीपल, करंज, आम, जामुन, पेलटाफॉर्म, नीम, रीठा, बरगद, शिशु सहित तमाम पौधों का रोपण किया गया। भाजपा पिछड़ावर्ग के जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के आव्हान पर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया जा रहा है, साथ ही पौधा का संरक्षण के साथ संवर्धन करने की भी जिम्मेदारी ली जा रही है।

### कॉलेज परिसर में रोपे गए फल और छायादायी पौधे



### वर्षा ऋतु में पौधारोपण करना मानव का धर्म


श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष साहेब लाल साहू ने कहा कि इस मानसून प्रत्येक व्यक्ति को पौधा का रोपण करना चाहिए, जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे, साथ ही गर्मी से निजात मिल सके। वसुंधरा संस्था के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण में सभी लोगों को एकत्रित होकर पौधों का रोपण किया जाना चाहिए। इस दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, प्राचार्य डॉ. खुर्शीद खान, जिला सचिव दिनेश मिश्रा, देवेंद्र साहू, साहेब लाल साहू, सुनील साहू, संतोष साहू, प्रवीण ढोमने,जय साहू, हेमन्त बघेल सहित वन विभाग सोनाखान के रेंजर सुनीत साहू, संतोष कुमार साहू, योगेश कुमार साहू, हरगोविंद जायसवाल, उमा साहू, प्रमिला साहू, अनुसुइया कैवर्त्य सहित तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

**सावधानी :** पर्यटक मौसम का लुफ्त उठाने बड़ी संख्या में पिकनिक स्पॉट पहुंच रहे

# प्रशासन बरसात में पिकनिक स्थलों की सुरक्षा का रखें ख्याल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण पर्यटक बरसात के समय सुहाने मौसम का लुफ्त उठाने बड़ी संख्या में पिकनिक स्पॉट पहुच रहे हैं। गहरे पानी में नहाने और सेल्फी लेने के फेर में डेंजर जोन तक पहुंच जाते हैं। बारिश सीजन में इन जगहों पर खतरा और भी बढ़ जाता है, उसके बाद भी प्रशासन की तरफ से सुरक्षा का किसी तरह के उपाय नहीं किए गए हैं। गौरतलब है कि प्रति वर्ष महानदी के तटीय विभिन्न जलप्रपातों एवं पर्यटन स्थल जैसे सिद्धखोल, घटारानी, जतमई, तुरतुरिया, बारनवापारा अभ्यारण इत्यादि में हादसे होते रहते हैं। लगातार हादसों के बाद भी वन मंडल सीख नहीं ले रहे है। पिकनिक स्पॉट में इस बरसात सीजन में जलस्तर बढ़ जाता है। साथ ही पत्थरों में फिसलन भी बढ़ जाती है। ऐसे में गिरने और डूबने का खतरा बढ़ जाता है। लोगों को ऐसे जगहों की जानकारी नहीं होती है। इस वजह से हादसे होते हैं। वन विभाग द्वारा सुरक्षा के लिहाज से ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।



### नहीं लगाए गए हैं सूचना बोर्ड

लोगों को सचेत करने के लिए सूचना बोर्ड नहीं लगाए जा रहे हैं। वहीं डेंजर जोन तक रोकने के लिए बेरिकेटिंग तक नहीं की जा रही है। छत्तीसगढ़ में मानसून ने दस्तक दे दी है। कई इलाकों में बारिश हो रही है। ऐसे में लोग छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों पर घूमने और पिकनिक मनाने के लिए जाते हैं। इन स्थानों पर पिकनिक मनाते वक्त और घूमते वक्त बेहद सावधान रहने की जरूरत है। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता है। पर्यटन स्थलों पर सावधानी के साथ आप घूमने जाएं ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों में मानसून आने के बाद पिकनिक स्पॉट्स पर घूमने वालों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में बेहद सावधानी की जरूरत है।

# ड्यूटी पर निःशक्त हुए शिक्षकों को मिलेगा पूरा वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा सेवा काल के दौरान गंभीर बीमारी, 70 प्रतिशत से अधिक विकलांग चलने फिरने में असमर्थ शिक्षकों, कर्मचारियों को घर पहुंच बिना कार्य, वेतन दिलाने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

- विधायक की पहल पर शिक्षा विभाग ने लिया संज्ञान, कार्रवाई शुरू

संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि 12 अप्रैल को संघ पदाधिकारियों ने मोहनलाल तांडेय महासमुंद, उमेश साहू गरियाबंद, रविकांत धरडे सारंगढ़ जिले के शिक्षकों के संबंध में जानकारी दी थी, जिसमें उमेश साहू 82 प्रतिशत तथा रविकांत 78 प्रतिशत विकलांग होने तथा बिस्तर से उठ बैठ नहीं पाने की जानकारी दी थी। श्री मिश्रा ने सचिव स्कूल शिक्षा से इस संबंध त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिए थे।

इस संबंध में सचिव स्कूल शिक्षा द्वारा मोहन लाल तांडे के लिए आदेश जारी कर दिया गया है, जबकि 82 प्रतिशत विकलांग हो चुके प्रधान पाठक उमेश साहू गरियाबंद, रविकांत धराड़े सारंगढ़ के संबंध में प्रक्रिया जल्दी पूरी कर आदेश जारी की जायेंगी, संघ प्रतिनिधि मंडल में राजेश नायक, केके चंद्राकर, रमेश शर्मा जिलाध्यक्ष गणेश चंद्राकर, मंगल मूर्ति सोनी आदि शामिल थे। विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि शेष दिव्यांग कर्मियों के वेतन निरंतरता के लिए उन्होंने सचिव से चर्चा की है।

# ईश्वर को याद करने का श्रेष्ठ माध्यम है सत्संग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

स्वप्रेरित सत्संग समिति गोधना के तत्वावधान में अर्धवार्षिक सत्संग सम्मेलन का आयोजन हुआ। सत्संग समिति के अध्यक्ष छम्मन महंत ने बताया कि सत्संग का जीवन में होना बहुत जरूरी है। सत्संग से जीवन में आत्म शांति व सुख प्राप्त होता है। हम सब अपने कार्यों में व्यस्त रहते हैं। यह समझ नहीं पाते की हमारा जन्म कुछ अच्छा कार्य के लिए हुआ है। प्रत्येक मनुष्य को चाहिए की अपने जीवन के महत्व को समझे और सत्संग से जुड़कर अच्छा और नेक कार्य करें। जिससे दूसरों को सीख मिल सके और प्रेरित होकर वे भी सत्संग से जुड़े। ईश्वर को याद करने का माध्यम सत्संग ही है। जीवन में लोगों का यथा संभव मदद करना चाहिए। आपकी एक छोटी सी मदद जररूत मंद के लिए संजीवनी का काम करेगा। उन्होंने कहा कि 'स्वप्रेरित सत्संग समिति' का 'उद्देश्य' लोगों में छिपी आत्म शक्ति से परिचय कराना, पौधारोपण करना, नशामुक्त समाज का निर्माण करना, जरूरत मंद लोगों की मदद करना, विभिन्न स्थानों में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन करना, शाकाहार जीवन के लिए प्रेरित करना है।

- नगर में हुआ अर्धवार्षिक सत्संग सम्मेलन

सत्संग कार्यक्रम में महिला कीर्तन मंडली रसौटा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन सत्संग समिति के सचिव पुनाऊ यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष रामगोपाल कश्यप, जागेश्वर महंत, रवि साहू, मोहन साहू, दिनेश साहू, ईश्वर जायसवाल, महेश्वरी महंत, गंगा जायसवाल, पुरषोत्तम साहू, कृष्ण साहू, महेश साहू, नरसिंग निर्मलकर, महेश्वरी साहू एवं अनेक सत्संग प्रेमी उपस्थित थे।

# न्योता भोज में बच्चे सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल में न्योता भोज का आयोजन रखा गया। प्रभारी प्रधान पाठक रीना शुक्ला की पुत्री समृद्धि के जन्मदिन पर यह आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों सहित जन प्रतिनिधि शामिल हुए। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मदन लाल खाण्डेकर की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया और समृद्धि की जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल के प्रधान पाठक रीना शुक्ला, अश्वनी कुमार देवांगन शिक्षक, जागेश्वरी घृतलाहरे शिक्षक, छोटूदास महंत शिक्षक, अजय कुमार जांगड़े शिक्षक, विनोद केशरवानी, सुनील गुप्ता, सुखीराम वर्मा, प्राचार्य आर के नागेश, एस के साहू, महिला समुह एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।



### क्या है न्योता भोज

न्योता भोजन छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले खाने को सामुदायिक भागीदारी के जरिए और ज्यादा पोषक बनाने की पहल है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है। कोई भी व्यक्ति, समुदाय के लोग अथवा सामाजिक संगठन किसी भी खास अवसर पर या स्वेच्छा से सरकारी स्कूलों में भोज का आयोजन कर सकता है। इसके अलावा खाद्य सामग्री की योगदान भी कर सकता है। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले मिड डे मील का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह इसके अतिरिक्त होगा। खास मौकों पर स्कूलों में न्योता भोज की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। त्यौहारों या अवसरों जैसे एनीवर्सरी, जन्मदिन, शादी और राष्ट्रीय पर्व पर इसका आयोजन किया जा सकता है। ऐसे दिनों में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन खिलाया जा सकता है। इसके तहत समुदाय के सदस्य किचन के बर्तन भी उपलब्ध करा सकते हैं। दान दाताओं को प्रोत्साहित करने के लिये उन्हें शाला की प्रार्थना सभा या एनवल फंक्शन में सम्मानित किया जा सकता है। न्योता भोज के दिन दानदाता को स्कूल में आमंत्रित कर इसकी घोषणा भी की जा सकती है।



### शिक्षिका युगेश्वरी ने कराया न्योता भोज

**पवनी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघीचुवा में पदस्थ शिक्षिका युगेश्वरी साहू को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार मिलने के उपलक्ष्य में गुरुवार को उन्होंने स्कूल में न्योता भोज का आयोजन किया। इसमें शाला के बच्चों के साथ-साथ शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रतिराम पटेल, समिति के प्रबंधन समिति के सदस्य पूर्व प्रधान पाठक लाला राम साहू, शासकीय प्राथमिक शाला सिंघीचुवा शिक्षकजन संकुल समन्वयक आदि उपस्थित रहें।

# हरदी, रिसोरा और बरपाली में आज लगेंगे जसनि शिविर

हरिभूमि न्यूज मुड़पार/सरसीवा

सारंगढ़ अनुविभाग में शुक्रवार को हरदी, रिसोरा और बरपाली में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। हरदी शिविर सारंगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत हरदी में आयोजित शिविर में नौरंगपुर, केवटीनढोढी, कोसीर छोटे, ठाकुरदिया, तामनडीह, कटराडीह, तुलसीडीह, खर्री बड़े, परसाडीह, डोंगिया, नंदेली, मुड़ियाडीह, जिल्दी, दर्राभांठा, मौहापाली, नंदनपुर, भगड़ा, हरदी, रेड़ा, कौवाताल, बगबिडार, सुवाताल, महकमपुर, खुडुभांठा, हिर्री और बरतुंगा के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य कर सकते हैं। रिसोरा शिविर रू बरमकेला तहसील के ग्राम पंचायत रिसोरा शिविर में रिसोरा, बैगीनडीह, जटियापाली, तिलाईदादर, कंठीपाली, सहजपाली, बरमपुरा, लक्ष्मपाली, अमोदा, मसानकुडा, धौरादरहा, बिजामाला और जालाकोना के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर सकते हैं। बरपाली शिविर सरिया तहसील के ग्राम बरपाली के शिविर में बरपाली-बरपाली, जामपाली, महराजपुर के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार, एसडीएम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी-1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप-जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

### सरसींवा में आज लगेगा राजस्व शिविर

**सारंगढ़/बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ अनुविभाग में शुक्रवार को पुरगांव, चिकनीडीह और सरसींवा में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिलाईगढ़ तहसील के पुरगांव शिविर में करबाडबरी, करियाटार, दाऊबंधना, बंगलोटा, मल्दी रामपुर, कोरकोटी, पुरगांव, भोथीडीह, तौलीडीह, भारतपुर, मौहाडीह, लिमतरी और सिंघीटार के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य करा सकते हैं। चिकनीडीह शिविर भटगांव तहसील के चिकनीडीह शिविर में करमंदी, ग्वाली, चिचोली, चिकनीडीह, सलौनीखुर्द, सलिहाघाट और सरमंदी के नागरिक शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। सरसींवा शिविर'रूइस शिविर में सरसींवा तहसील के सरसींवा सहित ग्राम कोदवा, गाड़ापाली, पीपरडुला, तिलाईपाली, जोगीडीपा, तेन्दुभांठा, पिकरीपाली और बम्हनपुरी के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कायोंर् जैसे बी-1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्रा—तिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप-जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

# वेदप्रकाश शालानायक और आकृति बनीं उप शाला नायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

महंत लालदास विद्यालय नरधा में विद्यालय में छात्रसंघ का गठन किया गया। शालानायक वेदप्रकाश पटेल 12वीं, उपशालानायक 11वीं छात्र प्रमुख आकृति चन्द्रा, 12वीं क्रीड़ा सचिव गौरव पटेल, 12वीं रूचि प्रधान, सांस्कृतिक प्रभारी निर्माण कुमार सोनवानी, बागवानी सचिव ईशान, सफाई प्रमुख लक्ष्मीनारायण को विद्यालय का दायित्व सौंपा गया। प्राचार्य द्वारा छात्र संघ के पदाधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व को बताते हुए आत्मसात करने की बात कही। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय समिति के अध्यक्ष एसएल नवरत्न, उपाध्यक्ष आईएल सोनवानी, यशवंत महिलांगे, प्राचार्य पीएल पटेल, जीआर पटेल, एचएल प्रधान, एडी घृतलहरे, एमके पटेल, एसएल साहू, डी साहू, ए देवांगन, व्हीके कैवर्त्य, बीके कोसले, डीके जायसवाल, एचएल मिरी, आरके कुर्रे, एनके देवांगन, एस राय, एन कर्ष, कु.एन साहू, डीके साहू, जेकेसाहू, एसआर पटेल, प्रभा खुटे, सुष्मा साहू आदि विद्यालय के कार्यक्रम में उपस्थित थे।

- नरधा में छात्रसंघ का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ



हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

हरिभूमि
एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बलौदाबाजार जिला के अंतर्गत भैंसा, सेल एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत टुण्ड्री में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468, 9098595071